आनंदालय
सामयिक परीक्षा-1
कक्षा : दसवीं

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40
दिनांक :15-07-2022 | निर्धारित समय: 2:00 घंटे

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. चारों खण्डों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'क़' (अपठित बोध) (5 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)

जो लोग अपनी असफलताओं के लिए या जीवन में गतिरोध के लिए हालातों को ज़िम्मेदार ठहराते हैं | वे या तो गलती पर हैं या हालात से डरते हैं | वे या तो जीवन को समझ नहीं पाए या उलझनों में फँसे हुए हैं | वे या तो आलसी हैं या अकर्मण्य हैं | एक कारण और भी हो सकता है कि उनकी नीयत और नीति में मेल ना हो | यह अति आवश्यक है कि नीयत और नीति दोनों एक सूत्र में पिरोई हुई हों अर्थात मेल खाती हों | ऐसा कदापि संभव नहीं है कि दोनों में अंतर आने पर व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सके | नीति एक पथ है, जिस पर चलकर व्यक्ति अपने किसी प्रयोजन को पूर्ण करता है और नीयत मानसिक इच्छा है, जो खोटी भी हो सकती है और खरी भी | खोटी नीयत वाला व्यक्ति कदापि इस संसार में नहीं टिक सकता और यदि टिकेगा, तो बहुत कम समय के लिए; केवल तब तक, जब तक उसकी नीयत खुलकर सामने नहीं आती क्योंकि नीति की जननी नीयत है और जब जननी में ही दोष है, तो संतान में कोई न कोई विकृति अवश्य आ जाएगी | ऐसे में वह मनुष्य गलत नीयत एवं नीति के कारण पतन का भागी होगा| हालातों को असफलता के लिए जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं लगता क्योंकि हालात तो उनके साथ भी वही होते हैं या लगभग वही होते हैं, जो सफलता प्राप्त करते हैं | यदि कोई व्यक्ति अपनी असफलता की जिम्मेदारी खुद नहीं ले सकता, तो वह अपनी सफलता की ज़िम्मेदारी लेने के काबिल नहीं है | जीवन का असली आनंद तो तभी है, जब परिस्थितियाँ विषम हों |

(क) किस तरह के लोगों की नीयत और नीति में मेल नहीं होता ?
(ख) खोटी नीयत वाला व्यक्ति इस संसार में क्यों नहीं टिक सकता ?
(ग) हालातों को असफलता के लिए ज़िम्मेदार ठहराना ठीक क्यों नहीं है ?
(घ) जीवन का असली आनंद तो तभी है,जब परिस्थितियाँ विषम हों- ऐसा क्यों कहा गया है?
(ङ) लेखक के अनुसार नीति और नीयत क्या है ?

## खंड- 'ख' (व्याकरण) (10 अंक)

2. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x3=3)

(क) 'हरिहर' में कौन-सा समास है ?

(i) तत्पुरुष (ii) कर्मधारय (iii) द्वंद्व (iv) अव्ययीभाव

(ख) 'अर्थ के अनुसार' का समस्तपद होगा -

(i) व्यर्थ (ii) यथार्थ (iii) अर्थ अनुसार (iv) यथानियम

(ग) 'मिट्टी जैसा मैला - मटमैला का समास होगा -

(i) कर्मधारय (ii) बहुव्रीहि (iii) द्वंद्व (iv) द्विगु

(घ) 'भारतवासी' का समास विग्रह होगा -

(i) भारत में वासी (ii) भारत का वासी (iii) वासी है जो भारत (iv) भारतीय

3. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से चार के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x4=4)

(क) '<u>उडती चिड़िया के पर गिनने वाले तुम</u> धोखा कैसे खा गए ?' पदबंध का भेद बताइए -

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(ख) '<u>काले कुरते वाला</u> वह आदमी चोर लगता है' - पदबंध का भेद बताइए -

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(ग) 'वह अपनी मस्ती में <u>चला जा रहा था |</u>'- वाक्य में पदबंध है -

(i) संज्ञा पदबंध (ii) क्रिया विशेषण पदबंध (iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(घ) 'वह <u>एक घंटा लगातार</u> तैरता रहा |' - वाक्य में पदबंध है -

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) क्रिया विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(ङ) 'निरंतर बहता जल पवित्र होता है |' वाक्य में संज्ञा पदबंध है -

(i) जल पवित्र होता है (ii) निरंतर बहता जल (iii) बहता जल (iv) निरंतर बहता

4. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x3=3)

(क) 'घुड़कियाँ खाना'- मुहावरे का अर्थ है -

(i) बहुत खाना (ii) धोखा खाना (iii) लज्जित होना (iv) डाँट - डपट सहना

(ख) आजकल प्रतियोगिताओं में सफ़ल होना ______ के समान है | उचित मुहावरे द्वारा वाक्य पूरा कीजिए |

(i) धज्जियाँ उड़ाना (ii) आड़े हाथों लेना (iii) लोहे के चने चबाना (iv) मुँह चुराना

(ग) बच्चों की नारेबाज़ी सुनकर प्रधानाचार्य जी_______ हो गए | उचित मुहावरे द्वारा वाक्य पूरा कीजिए |

(i) आग बबूला (ii) दूध की मक्खी (iii) राह न सूझना (iv) खून खौलना

(घ) 'गागर में सागर' - मुहावरे का अर्थ है -

(i) बहुत बारिश (ii) मूर्ख बनाना

(iii) थोड़े में बहुत कहना (iv) परेशानी आना

खंड- 'ग' (साहित्य) (15 अंक)

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(क) मीराबाई ने पहले पद में किस-किस भक्त का उदहारण दिया है और क्यों ?

(ख) कहानी के आधार पर बड़े भाई साहब का चरित्र-चित्रण कीजिए |

(ग) लोग अपने - अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे ? स्पष्ट कीजिए |

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)

(क) मीराबाई की कृष्ण-भक्ति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए |

(ख) प्रेमचंद की 'बड़े भाई साहब' कहानी में छोटा भाई लगातार प्रथम आकर भी अपने असफ़ल होने वाले भाई साहब का पूरा सम्मान करता है, इसके निहित मूल्यों की समीक्षा कीजिए|

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए | (3x1=3)

'हरिहर काका' पाठ में जिस यथार्थ को उजागर किया गया है, उससे आपको क्या सीख मिलती है ?

अथवा

लेखक और हरिहर काका के मध्य आत्मीय और भावनात्मक संबंध होने के बावजूद लेखक द्वारा उनकी सहायता के लिए कुछ न कर पाना उचित है या अनुचित ? तर्क सहित अपने विचार व्यक्त करें |

खंड-'घ' (लेखन) (10 अंक)

8. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(क) जब मैं पहली बार विमान में बैठा

✧ विज्ञान की देन

✧ पहली विमान यात्रा

✧ बाहर के आकर्षक दृश्य

✧ उपसंहार

(ख) स्वस्थ जीवन के लिए योग

✧ शरीर और मन की स्वस्थता

✧ व्यायाम, योगासन, प्राणायाम

✧ खानपान और रहन-सहन

✧ निष्कर्ष

(ग) सफलता के सोपान चढ़ती युवा पीढ़ी

✧ महत्वाकांक्षी युवा पीढ़ी

✧ निर्धारित लक्ष्य

✧ विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ

✧ उपसंहार

9. (क) जल संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए 'दिल्ली जल बोर्ड' के महाप्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए | (5x1=5)

अथवा

(ख) अपनी रचना (कहानी/कविता) प्रकाशित करवाने के लिए 'दैनिक भास्कर' समाचार पत्र के संपादक महोदय को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए |